भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भा वि प्रा के छः हवाईअड्डों पर हैण्ड बैगेज स्टैपिंग को समाप्त किया जाना ।

नई दिल्ली, 01 जून, 2017: सफल परीक्षण अभियान चलाने और स्टेकहोल्डरों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त होने के बाद दिनांक 01 जून, 2017 से छः हवाईअड्डों अर्थात, चेन्नई, त्रिवेन्द्रम, लखनऊ, जयपुर, गुवाहाटी और पटना पर हैण्ड बैग स्टैपिंग को समाप्त कर दिया गया है । इन हवाईअड्डों पर यह परीक्षण अभियान प्री-एम्बारकेशन सुरक्षा जांच(पी ई एस सी) प्वाइट्ंस तथा बोर्डंग गेट्स पर एच डी सी सी टी वी कैमरों की स्थापना के बाद नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बी सी ए एस) द्वारा सी आइ एस एफ के साथ समन्वय करके चलाया गया था ।

इससे पहले, अप्रैल, 2017 में भा वि प्रा के दो अन्य हवाई अड्डों -कोलकाता एवं अहमदाबाद से यात्रा करने वाले यात्रियों को अपने हैण्ड बैगेज पर स्टैम्प लगवाने से छूट दी गई थी । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण यात्री अनुभव को बढ़ाने तथा परेशानी मुक्त सुरक्षा जांच को सुनिश्चित करने की इस प्रथा को अपने अन्य हवाईअड्डों पर बढ़ाने की योजना बना रहा है । हवाई अड्डों पर सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए एच डी सी सी टी बी कैमरे तथा अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे की भी व्यवस्था की जाएगी ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,

सं. 10/2017-18